न्यायालय उप जिला कलक्टर एवं उप जिला मजिस्ट्रेट बांदीकुई (दौसा)

PH:-01420-228487
E-Mail:-sdo-ban-dau-rj@nic.in

प्रकरण संख्या :-64/2024
प्रकरण दायर दिनांकः-05.04.2024
प्रकरण निर्णय दिनांकः- 14.08.2024

उनवान- राज. सरकार बनाम अशोक वगै.

राजस्व ग्राम रूपबास स्थित खातेदारी भूमि में से मौके पर चालू रास्ते की भूमि को गै.मु. रास्ता दर्ज करने बाबत

निर्णय दिनांकः-14.08.2024

तहसीलदार बाँदीकुई ने पत्र कमांकः राजस्व/2024/287 दिनांकः 18.03.2024 द्वारा राजस्व ग्राम रूपबास स्थित खातेदारी भूमि खाता सं. नया 24 पुराना 20 खसरा नं. 114 रकबा 0.22 हैक्ट. में से 0.22 हैक्ट. एवं खाता सं. नया 90 पुराना 87 के खसरा नंबर 113 रकबा 0.08 हैक्ट. में से 0.08 हैक्ट. भूमि का प्रस्ताव गै. मु. रास्ते के रूप में राजस्व रिकार्ड में दर्ज करने बाबत प्रस्तुत किया है। प्रस्ताव की ताईद में भू. अ. निरीक्षक बडियाल कलाँ, पटवारी हल्का रलावता रिपोर्ट दिनांकः 15.03.2024, राजस्व जमाबंदी संवत 2076-79 ग्राम रूपबास खाता सं. नया 24 पुराना 20 एवं खाता सं. नया 90 पुराना 87 एवं संलग्न नक्शा ट्रेस जिसमें प्रस्तावित रास्ते को प्रदर्शित किया गया है, प्रस्तुत की है। तहसीलदार बाँदीकुई द्वारा उक्त खातेदारी भूमि में से मौके पर चालू रास्ते की भूमि को गैर मुमकिन रास्ता दर्ज करने का निवेदन किया है।

प्रकरण दर्ज रजिस्टर कर तलबी अप्रार्थीगण/खातेदारान हेतु विधिवत नोटिस जारी किये गये। अप्रार्थीगण/खातेदारान मंगलराम, कालूराम, रामधन, ओमप्रकाश न्यायालय हाजा उपस्थित आये, रास्ते हेतु असहमति प्रकट की। आदेशिका पर हस्ताक्षर किये गये। अप्रार्थीगण कालूराम, रामधन, मंगलराम, गुल्ला, विजेन्द्र, मोहन, ओमप्रकाश, भागीरथ, हरीचन्द, हनुमान, यादराम, दिनेश कुमार बैरवा वगै. ने प्रार्थना पत्र आपत्ति दर्ज करवाने के कम में पेश किया कि हमारी खातेदारी भूमि में किसी प्रकार का कोई भी रास्ता नहीं है तथा रास्ता निकाला जाता है तो हम सभी खातेदारों को आपत्ति है।

प्राप्त प्रस्ताव पर उभयपक्ष बहस सुनी गयी। हमने उभयपक्ष बहस पर मनन किया। तहसीलदार बाँदीकुई से प्राप्त प्रस्ताव एवं संलग्न दस्तावेजात तथा अप्रार्थीगण द्वारा प्रस्तुत जवाब/आपत्ति का अवलोकन किया गया। तहसीलदार बाँदीकुई द्वारा राजस्व ग्राम रूपबास स्थित खातेदारी भूमि खाता सं. नया 24 पुराना 20 खसरा नं. 114 रकबा 0.22 हैक्ट. में से 0.22 हैक्ट. एवं खाता सं. नया 90 पुराना 87 के खसरा नंबर 113 रकबा 0.08 हैक्ट. में से 0.08 हैक्ट. भूमि का प्रस्ताव गै. मु. रास्ते के रूप में राजस्व रिकार्ड में दर्ज करने बाबत पेश किया है। अप्रार्थीगण द्वारा प्रस्तुत जवाब/आपत्ति में खातेदारी भूमि में किसी प्रकार का कोई भी रास्ता नहीं होना बताया है तथा रास्ता निकालने हेतु सभी खातेदारान द्वारा आपत्ति प्रकट की गई है। अतः प्राप्त प्रस्ताव बाबत

उपखण्ड अधिकारी
बाँदीकुई

Scanned with OKEN Scanner

अप्रार्थीगण द्वारा आपत्ति प्रकट करने के कारण प्राप्त प्रस्ताव स्वीकार किया जाना उचित प्रतीत नहीं होता है।

अतः उभयपक्ष बहस पर मनन करने एवं तहसीलदार बॉदीकुई से प्राप्त प्रस्ताव व अप्रार्थीगण द्वारा प्रस्तुत जवाब/आपत्ति के अवलोकन के आधार पर तहसीलदार बॉदीकुई द्वारा राजस्व ग्राम रूपबास स्थित खातेदारी भूमि में से प्रस्तावित रास्ते को राजस्व रिकार्ड में गै. मु. रास्ता दर्ज करने बाबत प्रस्तुत प्रस्ताव खारिज किया जाता है। पत्रावली फैसलशुमार होकर बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो।

(रामसिंह राजावत)
आर.ए.एस.
उपखण्ड अधिकारी

उपखण्ड अधिकारी
बांदीकुई

Scanned with OKEN Scanner

26/6/24	पत्रावली पेश हुई। ... अप०। वास्ते बहस दि० 5/8/24 को पेश हो। उपखण्ड अधिकारी बांदीकुई
5/8/24	पत्रावली पेश हुई। प्रार्थी पैरोकार सरकार उप०। प्रार्थी पैरोकार सरकार बहस सुनी। वास्ते आदेश दि० 14-8-2024 को पेश हो। उपखण्ड अधिकारी बांदीकुई
14/8/24	पत्रावली पेश हुई। प्रार्थी पैरोकार सरकार उप० प्रार्थी पैरोकार सरकार बहस पर मनन किया। प्राप्त प्रस्ताव एवं अप्रार्थीगण द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र आपत्ति दर्ज करवाने का अवलोकन किया गया। अप्रार्थीगण खातेदारान द्वारा रास्ते बाबत आपत्ति प्रकट की गयी है अतः अप्रार्थीगण/खातेदारान द्वारा रास्ते बाबत आपत्ति पेश करने के कारण उक्त प्रस्ताव स्वीकार किया जाना उचित प्रतीत नहीं होता है अतः अप्रार्थीगण द्वारा आपत्ति प्रकट करने से तहसीलदार बांदीकुई द्वारा राजस्व ग्राम-रूपबास स्थित खातेदारी भूमि में से प्रस्तावित रास्ते को राजस्व रिकार्ड मे [illegible]

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
	रास्ता दर्ज करने बाबत प्रस्तुत प्रस्ताव खारिज किया जाता है। विस्तृत निर्णय पृथक से लिखवाकर शामिल पत्रावली किया गया। पत्रावली नियमानुसार पेश बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो। (हस्ताक्षर) 14.8.24 उपखण्ड अधिकारी बांदीकुई	